मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 10 अंक - 35 मुंबई, सोमवार, दिनांक 22 मई से 28 मई 2023 पृष्ठ : 04 कीमत : 3 /- रुपये

## संजय राउत ने प्रधानमंत्री मोदी पर की तीखी टिप्पणी...

**महाराष्ट्रः** शिवसेना के बड़े नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं. इस बार उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए विवादित बयान दिया है. संजय राउत ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के लिए तीखे शब्दों में बयानबाजी की है. संजय राउत ने बीएमसी चुनावों को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश की है. साथ ही सरकार द्वारा नोटबंदी करने को लेकर भी अपनी नाराजगी जाहिर की है. इसके अलावा पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को लेकर भी संजय राउत ने बयान दिया है. संजय राउत ने महाराष्ट्र में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने मुंबई महानगर पालिका यानी बीएमसी



चुनाव करवाने के लिए केन्द्र सरकार को घेरा है. बीएमसी चुनाव करवाने को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ही संजय राउत ने प्रधानमंत्री के लेकर विवादित बयान दिया.संजय राउत ने इस बयान में प्रधानमंत्री के लिए अपशब्दों का भी प्रयोग किया है.

**पूर्व राज्यपाल पर भी साधा निशाना**

बीएमसी चुनावों के साथ-साथ राज्यसभा सांसद संजय राउत ने नोटबंदी को लेकर भी सरकार को घेरा है. संजय राउत ने कहा कि नोटबंदी को लेकर प्रधानमंत्री ने पहले भी बड़ी-बड़ी बात की थी. साथ ही उन्होंने कहा, देश के अर्थव्यवस्था के साथ घिनौना खिलवाड़ हो रहा है. प्रधानमंत्री देश चला रहे हैं, सूरत की कोई दुकान नहीं. प्रधानमंत्री और राज्य सरकार के साथ-साथ संजय राउत

**प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिया विवादित बयान**

ने महाराष्ट्र के पूर्व गर्वनर भगत सिंह कोश्यारी पर भी हमला किया है. पूर्व राज्यपाल के लिए संजय राउत ने कहा कि भगत सिंह कोश्यारी राज्य के गुनहगार हैं.

बता दें कि इसी साल 2023 में मार्च के महीने में भगत सिंह कोश्यारी अपना पद छोड़ चुके हैं. अब देखना होगा कि संजय राउत के इस विवादित बयान पर बीजेपी की ओर से क्या पलटवार किया जाएगा. फिलहाल संजय राउत ने प्रधानमंत्री को लेकर कड़े शब्दों में हमला बोला है.

## ठाणे में 1.12 लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थ बरामद, एक व्यक्ति गिरफ्तार

**ठाणे :** पुलिस ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 32 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 1.12 लाख रुपये मूल्य का प्रतिबंधित मादक पदार्थ जब्त किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सचिन गायकवाड़ ने बताया कि पुलिस के एक दल ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए शुक्रवार शाम को जाल बिछाया और जमशेद तवीज अंसारी नाम के एक व्यक्ति को भिवंडी इलाके के एक बाजार के पास से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अंसारी के कब्जे से 16.5 ग्राम



मेफेड्रोन पाउडर बरामद किया। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (एनडीपीएस) के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि फिलहाल पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी को मादक पदार्थ कहां से मिला और वह इसे किसे बेचने की योजना बना रहा था।

## सांसद बीपी सरोज को पत्रकार एकता संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा ने मोमेंटम देकर किया सम्मानित



**जौनपुर,** मछली शहर लोक सभा के लोकप्रिय सांसद बीपी सरोज को पत्रकार एकता संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा मड़ियाहूं तहसील अध्यक्ष सिकंदर भारती मछली शहर तहसील अध्यक्ष दिलीप सिंह पत्रकार एकता संघ के जिला सचिव आसिफ पठान ने उनके आवास पर स्मृति चिन्ह एवं मोमेंटम देकर उनको सम्मानित किया वहीं पर माननीय सांसद बीपी सरोज ने कहा कि पत्रकारों के इस सम्मान से प्रभावित होकर पत्रकार एकता संघ की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकार एकता संघ पूरे प्रदेश में संचालित हो रहा है पत्रकार एकता संघ के पदाधिकारी अच्छा कार्य कर रहे हैं। जिसकी सराहना सांसद बीपी सरोज ने किया उन्होंने कहा की पत्रकार सभी स्थानों पर पहुंचकर खबरों का संकलन करते हैं और अंधकार की चीजों को प्रकाश में लाने का कार्य करते हैं जोकि काफी सराहनीय कार्य होता है पत्रकारों को जिस भी स्थिति में अगर हमारी जरूरत पड़ती है तो हम उनके साथ सदैव खड़े रहेंगे। इस मौके पर पत्रकार एकता संघ के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जी पी इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज का भव्य उद्घाटन

दिनांक 19 मई 2023 को जयपाल पुर गांव स्थित ओंकार नाथ शर्मा द्वारा गोविंददासपुर( मुगराबादशाहपुर) जीपी इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज का उद्घाटन राज्य सभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी व मछली शहर सांसद बीपी सरोज ने संयुक्त रूप से किया राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी ने कहा कि संस्कारित शिक्षा ही सर्वांगीण विकास की कुंजी है सभी अभिभावकों को अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए विद्यालय प्रबंधकों से कहा कि विद्यालय में सर्वाधिक अंक पाने वाले बच्चे को पुरस्कृत करने के साथ ही उनकी मां को भी बेस्ट मदर पुरस्कार दिया जाए क्योंकि बच्चों की सफलता में मां का विशेष योगदान होता है। सांसद बीपी सरोज ने कहा कि बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार शिक्षा प्रदान करनी चाहिए अभिभावकों एवं शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वह अपने बच्चों



के रूचि का आकलन करें और उनके बहुमुखी प्रतिभा निखारने में सहयोगी बने विशिष्ट अतिथि नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि ने कहा कि बच्चे समाज व राष्ट्र के भविष्य है विद्यालय संस्थापक, प्रबंधक व सेवानिवृत्त शिक्षक ओंकार नाथ शर्मा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा अपने सभी पदाधिकारियों के साथ उपस्थित हुए संस्था के जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा (पत्रकार), प्रेणा स्रोत पूर्णमासी शर्मा, संरक्षक डॉ राजेंद्र शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा, प्रधानमहासचिव मनोज कुमार शर्मा, अमेठी से चलकर आए एमडब्ल्यू ओ के प्रांतीय उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा, शिवदयाल शर्मा, एमसीए जिला अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे सभी लोगो ने ओंकार नाथ शर्मा जी को धन्यवाद दिया और कहा कि आपने बच्चो के भविष्य

## श्रीरामचरितमानस पाठ में पहुंचे संस्था के पदाधिकारी...



दिनांक 19 मई 2023 दिन शुक्रवार को भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के सभी पदाधिकारी खमपुर संस्था कोषाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा व ही संरक्षक चंद्र भूषण शर्मा के निजी निवास पर श्रीरामचरितमानस पाठ में सम्मिलित होकर आशीर्वाद प्राप्त किया।



वहा उपस्थित सभी पदाधिकारियों का विद्यासागर शर्मा ने अंग वस्त्र व हनुमान चालीसा देकर सम्मानित किया। संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा, लक्षणधारी शर्मा पूर्व प्रधान, प्रेम शंकर शर्मा, मुन्ना लाल शर्मा, बच्चन शर्मा, डा.जय प्रकाश शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा गायक आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

## दो हजार का नोट

रिजर्व बैंक की ओर से दो हजार रुपये के नोट वापस लेने का फैसला प्रत्याशित ही है, क्योंकि एक तो उनके चलन के समय ही कई तरह के प्रश्न उपजे थे और दूसरे, उनका प्रचलन लगातार कम होता जा रहा था। इस सबके अतिरिक्त बार-बार यह भी कहा जा रहा था कि दो हजार के नोट काले धन छिपाने का जरिया बने हुए हैं। इस धारणा को पूरी तौर पर निराधार भी नहीं कहा जा सकता। कायदे से दो हजार रुपये के नोट चलन में लाए ही नहीं जाने चाहिए थे, लेकिन नोटबंदी के बाद बाजार में यथाशीघ्र मुद्रा का प्रवाह करना भी आवश्यक था। इसमें संदेह नहीं कि इसमें दो हजार रुपये के नोट सहायक बने। एक तरह से वे मजबूरी में लाए गए थे। यह अच्छा हुआ कि इस मजबूरी से मुक्त होने का फैसला किया गया। ऐसे किसी फैसले के आसार तभी उभर आए थे, जब यह खबर आई थी कि दो हजार के नोटों की छपाई बंद कर दी गई है। इसके बाद तो संसद में भी दो हजार के नोट बंद करने की मांग उठी थी।

हालांकि कई विपक्षी दलों को रिजर्व बैंक का फैसला रास नहीं आया, लेकिन उनकी ओर से यह जो आशंका व्यक्त की जा रही है कि इससे लोगों को परेशानी हो सकती है या फिर अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, वह निराधार ही अधिक है। दो हजार रुपये के नोट को चलन से बाहर करने के फैसले से यदि किसी को परेशानी होने वाली है तो काला धन छिपाने वालों को। ऐसे लोगों को परेशान होना ही चाहिए। दो हजार रुपये के नोटों को वापस लेने के रिजर्व बैंक के फैसले के बाद सरकार इस वर्ष सितबंर के बाद इन नोटों के भविष्य को लेकर फैसला करेगी। फिलहाल आसार इसी के हैं कि दो हजार के नोटों को हमेशा के लिए चलन से बाहर करने का फैसला लिया जा सकता है। जो भी हो, रिजर्व बैंक के ताजा फैसले को नोटबंदी की संज्ञा देना उचित नहीं होगा, क्योंकि लोग 30 सितंबर तक एक बार में 20 हजार मूल्य के दो हजार रुपये के नोट बदल सकते हैं। इसके साथ ही उन्हें ग्राहकों के खातों में जमा भी किया जा सकता है।

इस सुविधा के बाद भी दो हजार के नोट को भविष्य को लेकर जो भी फैसला लिया जाए, वह ठोक- बजाकर लिया जाना चाहिए। भविष्य में किसी तरह के संशय के लिए कोई गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। जैसे नोटबंदी जैसे फैसले बार-बार नहीं लिए जा सकते, वैसे ही किसी राशि के नोटों को चलन से बाहर करने का फैसला भी। बार-बार लिए जाने वाले ऐसे फैसले मुद्रा के प्रति लोगों को भरोसे को कम करते हैं। अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए यह भी आवश्यक होता है कि मुद्रा के भविष्य को लेकर किसी तरह की दुविधा न रहे।

# सनातन धर्म से बढ़कर कोई धर्म नही...



**श्री** श्री 1008 महामंडलेश्वर महाकाल भैरव अखाड़ा के सन्त व वाल्मीकि समाज अघोर पंथ के जगतगुरु स्वामी रुद्रानाथजी भैरवा स्वामी देवनाथ अघोरी जी की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में कहा कि सनातन धर्म से बढ़कर कोई धर्म नही है सनातन धर्म की बराबरी करना किसी के वश की बात नही अब अपने सनातन धर्म और संस्कृति की सबको जानकारी होनी चाहिए अनिवार्य हो गया है, जिससे सनातन धर्म का डंका पूरे विश्व मे बजे स्वामी रुद्रानाथजी ने वाल्मीकि समाज अघोर पंथ की बैठक सुप्रीमो देवनाथ अघोरी जी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में आगे की रणनीति तैयार की सन्त समाज की मौजूदगी में स्वामी जी ने कहा कि आज के भौतिकवादी युग मे मनुष्य पश्चिमी सभ्यता की और भाग रहा है और अपनी योग्यता भुलाता जा रहा है जो कि बहुत ही गलत है हम सबको एकजुट हो कर सुधार की ओर अग्रसर होना चाहिये इस दौरान बैठक में स्वामी देवनाथ अघोरी जी स्वामी रुद्रानाथजी जी महाकाल नाथ अघोरी जी स्वामी औघड़नाथ जी स्वामी विरभद्रनाथ जी राजेशनाथ जी गुरु माँ 108 मंडलेश्वर महाकाल भैरव अखाड़ा से गुरु माँ सरोज भगतनी जी जयपुर से हिन्दू सेना अध्यक्ष मुकेश पारीक जी सहित दूर दूर से आये सन्तों ने हिस्सा लिया व आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया

## मुलुंड कांग्रेस द्वारा पुर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि



**मुंबई-** मुलुंड कांग्रेस द्वारा पुर्व प्रधानमंत्री, भभारत रत्न राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन मुलुंड कालोनी कांग्रेस कार्यालय पर किया गया।इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. आर. आर. सिंह, डॉ.बाबुलाल सिंह, मोहनलाल राज, भगवान किशोर तिवारी, अरविंद यादव (अध्यक्ष मुलुंड युवक कांग्रेस), नीता बेन जोशी (अध्यक्ष मुलुंड महिला कांग्रेस), हरीश गुप्ता (ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष), डॉ. सचिन सिंह (अध्यक्ष युवा ब्रिगेड एसोसिएशन), शरीफ खान (अध्यक्ष समता हाकर्स युनियन), रईस खान, राजन उटवाल, धर्मेश सोनी, जयेश साल्वे, सुरजीत पुरी, बाबु चौधरी, रविन्द्र अग्रवाल, रामु जैसवाल, राजेंद्र श्रीवास्तव, हितेश राच्छ, कौशल्या गायकवाड, रेखा घोरी, बाबु चावडा, रामनाथ लोहार, वजिरानी, सुदाम दरेकर, असलम शाह ने स्व.राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवम पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर समाज सेवक एवम आर टी आई एक्टिविस्ट गोल्डी शर्मा का सत्कार किया गया।

## 7 अगस्त तक टली सुनवाई, कार्बन डेटिंग पर जारी रहेगी रोक



काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर के ठीक सामने ज्ञानवापी परिसर में मिले शिवलिंगनुमा संरचना की कार्बन डेटिंग पर अगली सुनवाई तक रोक लग गई है. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 मई को मॉर्डन तकनीक का इस्तेमाल कर, ज्ञानवापी मस्जिद में मिली संरचना की उम्र निर्धारित करने का आदेश दिया था. ज्ञानवापी मामले की सुनवाई 7 अगस्त तक टाल दी गई है. सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद में पाए गए कथित 'शिवलिंग' की उम्र निर्धारित करने के लिए कार्बन डेटिंग सहित एक वैज्ञानिक सर्वेक्षण को टाल दिया है।

## वर वधू को आशीर्वाद देते प्रदेश अध्यक्ष सन्तोष विश्वकर्मा व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एडवोकेट संगीता विश्वकर्मा

वाराणसी में एस॰ एल॰ ठाकुर राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय समाजवादी जनक्रांति पार्टी के बिटिया व एल॰ आई॰ सी के डी॰ ओ नन्दा प्रसाद की विटिया के शादी अर्जक संघ के रीति रिवाज से शादी सम्पन्न हुई। शादी समारोह जिला विकास अधिकारी दयाराम विश्वकर्मा, बंसराज , बीएचयू के डाक्टर राम अवतार विश्वकर्मा बीएचयू के एग्रीकल्चर के प्रोफेसर, डाक्टर पन्ना लाल, सतीश विश्वकर्मा के अलावा अनेकों विभाग के अधिकारी शामिल रहे।



राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# केरल स्टोरी फिल्म में कुछ भी नया नहीं

## (संक्षिप्त समीक्षा)

हर काल, समाज और परिस्थिति के अनुसार हिंदी सिनेमा की फिल्में आती हैं और आती रहेंगी।विगत पांच सालों में सामाजिक प्रताड़ना, बहु कारक वादी सिद्धांत पर आधारित #आर्टिकल ३१५ , #जयभीम और #जयंती के बाद #कश्मीर फाइल्स #केरला स्टोरी समकालिक चर्चित फिल्में हैं । समाज के वंचित लोगों का शोषण , अत्याचार और युवाओं को सुसंगठित तरीके से आकर्षित कर मास्टर माइंड संगठित अपराधिक समूह कैसे एक व्यक्ति को वस्तु जैसे उपयोग में लाकर उसे अपराधी बना देते हैं । यह प्रश्न धार्मिक आंधी आस्था , सामाजिक नियमों और कानून के परिवर्तन पर ध्यान आकर्षित करते हैं।

केरल स्टोरी फिल्म में विशेष कर तीन घटनाओं का चित्रण करके डायरेक्टर ने यह बताने का सफल प्रयास किया है कि किस तरीके से एक धर्म विशेष के लोग छात्राओं का ब्रेन -वास करके उनका धर्म बदलते हैं और यहां तक कि उनको आतंकवादी तक बना देते हैं ।




फिल्म बैक फ्लैश चलते हुए इंट्रोगेशन में नायिका अपने अपनी और अपनी सहेलियों की आप बीती बताती है। अंत अच्छा इसलिए है कि न्याय व्यवस्था सारी सहानुभिति के साथ स्वतः शिकार नायिका को माफ नहीं करती।

इस फिल्म का चित्रण पात्रों का अभिनय और सभी प्रकार का कलात्मक प्रयोग देखने लायक हैं। लेकिन दर्शकों यह शिक्षा लेनी होगी कि जब हम अपने बच्चों को किसी हॉस्टल में या किसी शहर में नौकरी के लिए भेजते हैं तब हम उनके हाव भाव, व्यवहार के साथ-साथ स्थानीय लोगों का क्या प्रभाव पड़ रहा है? और उनका चाल चलन कैसा हो रहा है?

इन सब बातों पर भी हमको ध्यान रखने की जरूरत है। दूसरी ओर सच्ची बात यह होती है जो विद्यार्थी जिस उद्देश्य से जो कोर्स करने जाता है या पढ़ाई करने जाता है। उसको उस पर ही फोकस करना चाहिए ना कि सुनी सुनाई बातों पर या कहा जाए कि उन लोगों पर ध्यान देना चाहिए जो उन्हें गलत मार्ग पर ले जा सकते हैं। कोई भी बात, घटना, वारदात होने से पहले उसकी परछाई समझदार बच्चा / आदमी देख लेता है कि आगे चलकर उनकी स्टोरी का क्या होगा ?

बात किसी राज्य की नहीं है, , हर दिन हर पल , हर आदमी, हर संस्था अपने तरीके से और अब तो #आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम जो एक आकर्षण पैदा करके डायवर्ट करते हैं। बच्चे क्या बड़े बूढ़े भी मी टू के शिकार होते हैं। अब आपके क्रिया कर्म/ कृत्य ही नहीं आपकी बोली / भाषा पर कानून हथौड़ा बजा देता है।



**राजेंद्र रंजन गायकवाड**
(एमए अपराध शास्त्र 1982),
सेवा निवृत्त केंद्रीय जेल अधीक्षक

छात्र इतने नादान कैसे हो जाते हैं कि अपनी परिवार की गरिमा, संस्कार और परवरिश को एक पल में भुला कर पहले शौक में नशा करते हैं फिर नशे से खुद का नाश कर लेते हैं।

फिर भी मेरा मानना है कि प्राथमिक और द्वितीयक संस्थाओं को अपनी महीति भूमिका निभाने की जरूरत है। सरकार, कानून बाद में आयेंगे पहले हमारा पालन पोषण और पारिवारिक वातावरण/ अनुशासन पर विशेष ध्यान रखना चाहिए।

# फिल्मी स्टाइल में हुई चोर की गिरफ्तारी, बाराती बनकर पहुंची पुलिस टीम... भतीजी की शादी में धर दबोचा

**मुम्बई :** मुम्बई के दादर से एक बहुत ही दिलचस्प मामला सामने आया है। दरअसल, यहां पर पुलिस की टीम ने 15 महीने से फरार एक चोर को फिल्मी स्टाइल में गिरफ्तार किया है। यहां दादर पुलिस स्टेशन के अधिकारी ''बारातियों'' की तरह तैयार होकर एक शादी में पहुंचे थे। चोर को पकड़ने के लिए पुलिस टीम की पूरी प्लानिंग काफी दिलचस्प रही।

पता करने पर पुलिस को यह जानकारी मिली कि आरोपी की भतीजी की शादी थी, तो ऐसे में उसके शादी में शामिल होने की काफी संभावना थी। इसके बाद पुलिसकर्मियों की एक टीम ''बारातियों'' की तरह तैयार होकर मौके पर पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। दादर पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक रामकृष्ण सागडे ने कहा, ''गांव की पुलिस ने पुष्टि की कि 15 मई को गांव में एक शादी है, तभी हमारी टीम



गांव पहुंची और हम बारातियों की तरह तैयार होकर और पगड़ी पहनकर भीड़ में घुल-मिल गए। इस दौरान देवकर पर हमारी नजर पड़ी और हमने उसे अलग जगह ले जाकर गिरफ्तार कर लिया।''

फिलहाल, देवकर को मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया और 22 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

**डुप्लीकेट चाबी के जरिए घर में घुसा**

इसके बाद पीड़ित परिवार ने चोरी का मामला दर्ज कराया और जांच के बाद पुलिस को पता लगा कि आरोपी डुप्लीकेट चाबियों के जरिए घर में घुसा था। पुलिस ने प्रदीप कनाडे को गिरफ्तार किया, जो परिवार का ड्राइवर था। दादर पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश मुगुत्राव ने कहा कि कनाडे ने कहा कि उसने देवकर को डुप्लीकेट चाबियों का एक सेट दिया था। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे देवकर की तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका।

### शादी में शामिल होने पहुंचा था आरोपी

खार के रहने वाला आरोपी विनोद देवकर काफी दिनों से फरार चल रहा था। उसको पकड़ने के लिए काफी दिनों से पुलिस को मशक्कत करनी पड़ रही थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के रिश्तेदारों पर नजर रखना शुरू कर दिया, जिससे उन्हें पता लगा कि वे सभी शादी में शामिल होने के लिए यवतमाल जिले के दरवा तालुका के सायखेड़ा गांव जाने वाले हैं।

### कार को शोरूम खोलकर लोगों से करता था ठगी

अधिकारी सागडे ने कहा, 'हमने उनके रिश्तेदारों राहुल कुराडकर, मनीष परब, भूषण पवार और मंगला कुराडकर को गिरफ्तार कर लिया है।' उन्होंने कहा कि देवकर के पास चुराए गए पैसे का एक बड़ा हिस्सा भी था। पहले से भी देवकर पर कई मामले दर्ज है। सागडे ने कहा, 'हमें बाद में पता चला कि देवकर ने राजस्थान में एक कार शोरूम शुरू किया था। वहां भी वह लोगों से पैसे ले लेता था और कार की डिलीवरी नहीं देकर लोगों को ठगता था।'

### 50 लाख रुपये चोरी कर के भागा था आरोपी

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि देवकर ने कथित तौर पर 17 मार्च, 2022 को 42 वर्षीय संदीप जगन्नाथ देसाई के वर्ली में वीर नरीमन रोड स्थित आवास पर चोरी की थी। जब परिवार अगले दिन अपने घर पहुंचे तो, उनकी अलमारी में तोड़फोड़ हुई थी और 50 लाख रुपये गायब थे।

**रिश्तेदारों का फोन टैप करने पर हुई पुष्टि**

उन्होंने बताया, ''हमने एक टीम बनाई, जिसमें एपीआई सागड़े और पुलिसकर्मी भगवान पायगन, दाता शिंदे, अजीत महादिक, महेश कोलटे, दुर्गा कोलटे और मनीष मोरे शामिल थे।

# पालघर के इन 5 नाविकों को साढ़े तीन साल बाद मिली मानो नई जिंदगी, पाकिस्तान से रिहा होकर पहुंचे अपने वतन



**पालघर :** भगवान एक बार घर पहुंचा दें, बस कुछ और नहीं चाहिए। पाकिस्तान की जेलों में बंद मशुआरो के परिवारों का दुख दर्द जो उनको बोलते भी नही बन रहा है ,ऐसी पीड़ा जो खुद के गले मे आकर रुक जाती है व बताने पर आंखे छलकने लग जाती है । इसी बीच एक सकून भरी खबर सामने आई है । गुजरात राज्य में मंगरुल-वेरावल में नावों पर काम कर रहे पालघर जिले के 30 से अधिक नाविक पाकिस्तान की हिरासत में हैं और उनमें से पांच को मंगलवार को रिहा कर दिया गया।

**इनकी हुई वतन वापसी**

दिसंबर 2019 में, जयवंत पालकर (39) जितेश पालकर (19), अर्जुन दावरे (31), जितेश दिवा (20) और विलास कोंधारी (32), जो मंगरुल क्षेत्र में मछली पकड़ने वाली नौकाओं पर काम करते थे, जिन्हें पाकिस्तान तट रक्षक ने हिरासत में लिया था। अभी इन्हें छोड़ दिया गया और मंगलवार शाम को तलासरी तालुका के आमगाँव पहुंचे। गांव पहुंचते ही इनकी खुशी देखते ही बन रही थी । पाकिस्तान तट रक्षक द्वारा नाविकों के रूप में काम करने के लिए जाते समय नाव पर सवार नाविकों को हिरासत में लिया गया था। अन्य यात्रियों के परिवारों ने भी सरकार से उन्हें रिहा करने का अनुरोध किया है। पालघर जिले के 23 मछुआरों के प्रत्यावर्तन के संबंध में स्थानीय सांसद राजेन्द्र गावित द्वारा दिये ज्ञापन के जवाब में केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बताया था कि पाकिस्तान की हिरासत में भारतीय मछुआरों के संबंध में सरकार कूटनीतिक माध्यमों से अपनी बात को लगातार उठाती रही है। मिली जानकारी के अनुसार, 07 मछुआरों वाली मछली पकड़ने वाली नाव शुद्धता कृपा व 09 मछुआरों को ले जाने वाली मत्स्य गंधा नामक एक अन्य नाव को पाकिस्तान समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने अपने कब्जे में लिया था। जैसे ही इन भारतीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं की गिरफ्तारी के बारे में सूचना मिली, इस मामले को पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ उठाया गया। लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप, 20 फरवरी 2023 को इन मछुआरों की भारतीय राष्ट्रीयता के आधार पर पुष्टि की गई थी और पाकिस्तान सरकार को अवगत करा दिया गया था । इस्लामाबाद में एचसीआई नियमित रूप से पाकिस्तान सरकार से इन 23 मछुआरों सहित पाकिस्तान की हिरासत में सभी भारतीय मछुआरों की जल्द से जल्द रिहाई और प्रत्यावर्तन सुनिश्चित करने का अनुरोध करता रहा है। साथ ही विदेश मंत्री ने विश्वास जताते हुए कहा कि सरकार पाकिस्तान की हिरासत में सभी भारतीय मछुआरों की सुरक्षा को अत्यधिक महत्व देती है और उनकी शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी के प्रयासों को जारी रखेगी।

# मुंबई में 22 दिन के मासूम को 7 लाख में बेचा

## डॉक्टर सहित 6 अरेस्ट...



**मुंबई :** मुंबई के ठाणे में सनसनीखेज घटना सामने आई है. 22 दिन के मासूम को सात लाख रुपए में बेचने के आरोप में डॉक्टर सहित कुल 6 लोगों को पुलिस ने अरेस्ट किया है. बताया जा रहा है कि एक एनजीओ को ऐसी सूचना मिली थी कि उल्हासनगर के महालक्ष्मी नर्सिंग होम में नवजात बच्चों की खरीद-बिक्री की जाती है. उल्हासनगर की एक समाजसेविका अनीता ने अस्पताल के इस काले धंधे को उजागर करने का प्लान बनाया. उन्होंने इसके लिए अपने दो साथियों सोनू पंजाबी और सान्या हिंदुजा की मदद ली. अनीता कस्टमर बनकर अस्पताल में आई. इस दौरान अस्पताल के डॉक्टर से बातचीत कर बच्चे के खरीदने का सौदा सात लाख रुपए में तय किया. इसके बाद इसका एक वीडियो भी बना लिया.फिर सान्या हिंदुजा ने इस बात की जानकारी ठाणे क्राइम ब्रांच को दी.

**पहले से सादी वर्दी में मौजूद थी पुलिस**

जानकारी के मुताबिक, एक महिला अपने अन्य साथियों के साथ डॉ चैनानी के नर्सिंग होम में आई. उसके हाथ में 22 दिन का मासूम बच्चा था. पुलिस के मुताबिक, महिला नाशिक की रहनेवाली थी. इसी दौरान अनीता जैसे ही चैनानी को पैसे देने लगी, सादी वर्दी में मौजूद पुलिस ने डॉक्टर को हिरासत में ले लिया.

**आरोपी डॉक्टर पहले भी ऐसा काम कर चुकी है**

सान्या हिंदुजा के मुताबिक, यह डॉक्टर पहले भी ऐसा काम कर चुकी है. एक साल पहले भी डॉक्टर ने एक बच्ची के बेचने का सौदा तय किया था. यह सौदापांच लाख रुपए में तय हुआ था. लेकिन, बाद में डॉक्टर को कहीं से पता चल गया और वह सौदे वाले दिन नहीं आई. पुलिस अधिकारी ने बताया कि डॉ चैनानी को अरेस्ट कर लिया गया है. साथ ही दलाल और बच्चे की मां सहित अन्य लोगों को गिरफ्तार करके पूछताछ की जा रही है. आरोप है कि आरोपी डॉक्टर ने नवजात लड़कियों और लड़कों के लिए अलग-अलग रेट तय किए थे. पुलिस अधिकारी मधुकर कड ने बताया कि इस पूरी लेन-देन का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसके आधार पर आरोपियों से पूछताछ की जा रही है.

# साबित नहीं हो पाया चोरी डकैती का आरोप, 17 साल पुराने केस में 6 लोग बरी


**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक विशेष मकोका अदालत ने छह लोगों को बरी कर दिया है। सभी आरोपियों को 17 साल पुराने केस यानी 2006 के डकैती के एक मामले में जेल से रिहा कर दिया गया है। दरअसल, उन पर यह आरोप लगा था कि उन्होंने साल 15 जून, 2006 में एक सुरक्षा एजेंसी के मालिक के घर में चोरी की थी। 1.21 लाख रुपये के आभूषण और नकदी की चोरी का था मामला इस घटना में सात आरोपी शामिल थे। आरोपी सुरक्षा एजेंसी के मालिक के घर में रिवॉल्वर और हेलिकॉप्टर से लैस होकर घुसे थे। जिसके बाद उन्होंने



वहां चोरी की घटना को अंजाम दिया। आरोपियों ने कुल 1.21 लाख रुपये के आभूषण और नकदी को लूटा था। वहीं, एक आरोपी की सुनवाई के दौरान मौत हो गई थी। हालांकि अब सभी आरोपियों को इस केस में रिहाई मिल गई है। आरोपों को नहीं कर पाए साबित अदालत ने उन्हें 10 मई को आदेश सुनाया था। मकोका के विशेष न्यायाधीश (महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम) एएन सिरसीकर ने छह लोगों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि वकील भारतीय दंड संहिता और मकोका के तहत आरोपों को साबित करने में विफल रहा है। उनके पास डकैती का आरोप सिद्ध करने के लिए पुख्ता सबूत नहीं है। इसलिए सभी को जेल से रिहा किया जाता है।

# तीसरे चरण का विकास करने मनपा निकालेगी निविदा, मीठी नदी का होगा कायाकल्प

**मुंबई:** मीठी नदी पर हजारों करोड़ खर्च कर भी अभी भी सूरत नही बदली है। मनपा तीसरे चरण का विकास करने जल्द निविदा निकालने जा रही है। इस प्रोजेक्ट में कुर्ला से माहिम काजवे तक विकास कार्य किया जाएगा। जुलाई 2005 में मुंबई में आई प्रलय कारी बाढ़ लोगों के जेहन में अभी भी बना हुआ है। मानसून की शुरूआत होने पर मुंबई में आई उस बाढ़ को याद कर अभी भी लोगो का दिल दहल जाता है। प्रलय कारी बाढ़ में संपत्ति का नुकसान तो हुआ ही जान माल का भी बड़ी मात्रा में नुकसान हुआ। जिसका मुख्य कारण मीठी नदी रही। मीठी नदी का विकास करने और



मुंबई में होने वाले जलजमाव को खत्म करने के लिए ब्रीम स्टोवेड प्रोजेक्ट की शुरूआत की गई। इस प्रोजेक्ट के तहत अब तक हजारों करोड़ रुपया खर्च किया जा चुका है लेकिन अभी तक काम पूरा नहीं हो सका है। मीठी नदी का कुर्ला से माहिम काजवे तक विकास करने के लिए तिसने चरण का काम शुरू किया जाना है। मनपा ने इसके लिए निविदा प्रक्रिया करने का निर्णय लिया है। मीठी नदी के विकास के लिए मनपा ने चार चरणों में काम करने की योजना बनाई है। तीसरे चरण के तहत सीएसएमटी रोड कुर्ला से माहिम कॉजवे के बीच रिटेनिंग वॉल, सर्विस रोड का काम, पंप सुविधा, सौंदर्यीकरण, सीवरेज चैनल बिछाने का काम शामिल है। इन कार्यों के लिए मार्च 2023 में टेंडर किए गए थे। लेकिन कार्यों के लिए पुरानी दर और कई खामियां गिनाकर निविदा को रद्द कर दिया गया था।

# जाति-धर्म के नाम पर विभाजित करने वालों से लड़ना है- शरद पवार



संवाददाता

**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार एक बार फिर आक्रामक दिखाई दिए। रविवार को उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला और कहीं न कहीं कांग्रेस के समर्थन में दिखे। हालांकि, पवार ने अपने पूरे भाषण में भाजपा का नाम नहीं लिया लेकिन उनका बयान साफ तौर पर भाजपा पर ही केंद्रित रहा।

हमें लड़ना है

राकांपा सुप्रीमो रविवार को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां उन्होंने कहा कि जो देश में सामाजिक और सांप्रदायिक रूप से विभाजित कर रहा है, हमें उससे लड़ना है। पवार ने कहा कि कर्नाटक में हुए विधानसभा चुनाव में देखा गया है कि स्थितियां धीरे-धीरे बदल रही हैं। अगर पूरे देश का मजदूर वर्ग एकजुट रहता है तो कर्नाटक जैसा हाल देश में कहीं भी देखा जा सकता है।

पवार ने आगे कहा कि देश में राज्य कर रही कुछ शक्तियां आज समाज में जाति और धर्म के आधार के नाम पर एक दूसरे को भड़का रही हैं। समाज को वह पीछे धकेल रहे हैं। सत्ता का इस्तेमाल वह लोगों के कल्याण के लिए नहीं कर रहे बल्कि समाज के लोगों के बीच विभाजन पैदा कर रहे हैं। आज हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती इन्हीं लोगों और इन्हीं शक्तियों के खिलाफ लड़ने के लिए है। अगर इन शक्तियों से लड़ा नहीं गया तो आम आदमी तबाह हो जाएगा। अहमदनगर एक प्रगतिशील जिला है, बावजूद इसके यहां सामाजिक तनाव थे, इसी के खिलाफ हमें लड़ना है। हमें एक होना है।

पवार ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजों के बारे में कहा कि कर्नाटक के नतीजे बताते हैं कि स्थिति धीरे-धीरे बदल रही है। आम आदमियों की सरकार ने कर्नाटक की कमान अब अपने हाथों में संभाली है। शनिवार को कर्नाटक में हुए शपथ ग्रहण समारोह में एक लाख लोग शामिल हुए थे। इनमें से 70 प्रतिशत लोग युवा थे, जो अलग-अलग तबकों के थे।

# बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का रास्ता साफ व एक स्टेशन विरार में तय

**विरार :** केंद्र सरकार का बहुचर्चित बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है. इस परियोजना के लिए अब स्टेशन बनाने की दृष्टि से आंदोलन शुरू हो गया है,जिसमें से एक स्टेशन विरार में तय किया गया है,इसलिए, एक जापानी संगठन ने हाल ही में विरार का निरीक्षण किया कि कैसे और कहां स्टेशन बनाया जाएगा।इस स्थान पर उन्होंने स्टेशन के विभिन्न कार्यों की समीक्षा की.केंद्र सरकार ने मुंबई और गुजरात को जोड़ने वाली मुंबई अहमदाबाद हाई स्पीड रेलवे (बुलेट ट्रेन) की महत्वाकांक्षी परियोजना को हाथ में लिया है। इस बुलेट ट्रेन का रूट पालघर जिले से होकर गुजरेगा और जिले के कुल ७३ गांव प्रभावित होंगे,बुलेट ट्रेन का



रूट वसई तालुका के विरार,कोपरी, चंदनसार, नालासोपारा,बिलालपाड़ा, मोरे, पोमन, मोरी,बापाने, ससूनवघर, नागले, सारजा मोरी,नरिंगी,जुली बेट जैसे कुल २१ गांवों से होकर गुजरेगा. इसके लिए नेशनल हाई स्पीड रेलवे कॉरपोरेशन द्वारा वसई से कुल ७१.५२ हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है ।उनमें से ५२.७५ हेक्टेयर निजी क्षेत्र,७.४५ हेक्टेयर वन क्षेत्र और ४.३१ हेक्टेयर सरकारी भूमि शामिल है, मुंबई में बीकेसी से अहमदाबाद में साबरमती तक ऐसे कुल १२ स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा। जिनमें से ४ स्टेशन महाराष्ट्र के बीकेसी, ठाणे, विरार और बोईसर में तय किए गए हैं। इनमें यह स्टेशन विरार पूर्व में बनाया जाएगा। उस स्थान पर जनवरी माह में भूमि समतलीकरण एवं अन्य कार्य किये गये थे ।उसके बाद जापान में विभिन्न देशों को विकास कार्यों के लिए वित्तीय सहायता या ऋण देने वाली सरकारी संस्था के प्रतिनिधियों ने विरार का दौरा किया है.उन्होंने जगह का मुआयना किया और सर्वे किया कि स्टेशन कैसा होगा। इस अवसर पर वसई विरार शहर महानगर पालिका के अधिकारी, एमएमआरडीए के अधिकारी, सरकारी अधिकारी उपस्थित थे ।दिलचस्प बात यह है कि इस जगह पर उन्होंने एरिया१, एरिया २ और एरिया ३ के हिसाब से निरीक्षण किया। क्षेत्र १ में स्टेशन क्षेत्र शामिल है, स्टेशन को कैसे विकसित किया जाएगा, इसकी समीक्षा की गई ।एरिया २ व ३ में स्टेशन बनने के बाद अन्य विकास कार्यों को कैसे तैयार किया जा सकता है, इसके तकनीकी पहलुओं की भी समीक्षा की,वसई विरार में नागरिकों ने बुलेट ट्रेन परियोजना का भी विरोध किया। लेकिन अब इस परियोजना के लिए शत-प्रतिशत जमीन हस्तांतरित होने से यह देखा जा रहा है कि नागरिकों का विरोध भी कम हो गया है।

# महानगरपालिका गृहकर विभाग में गबन का पदार्फाश,

**वसई :** वसई विरार शहर महानगरपालिका के गृहकर विभाग में टैक्स के रूप में जमा धन के गबन का मामला सामने आया है.इस मामले में विविसीएमसी ने एक कर अधीक्षक को निलंबित कर दिया है और दो अन्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया है.साथ ही इस मामले की जांच के लिए चार सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई है और उसके जरिए जांच शुरू कर दी गई है। सामाजिक कार्यकर्ता चरण भट ने वसई-विरार शहर महानगरपालिका वार्ड समिति ''सी' घरपट्टी मंडल में वित्तीय गबन की शिकायत की ।उन्होंने यह भी आशंका व्यक्त की कि मकान गिरवी के रूप में जमा धन को बाजार में ब्याज समेत अन्यत्र डायवर्ट किया गया और इसकी शिकायत




विविसीएमसी आयुक्त से की और जांच की मांग की,मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कमिश्नर अनिल कुमार पवार ने संबंधित विभाग से ''जांच रिपोर्ट' मांगी थी,इस जांच रिपोर्ट में कर अधीक्षक अरुण एस.जानी ने १८ अप्रैल २०२३ से १६ मई २०२३ की अवधि में ७२ लाख ६८ हजार ८९१ में से ४६ लाख ४६ हजार २३९ रुपये का भुगतान कर महानगरपालिका को नहीं किया है।

# २ महीने में ५२ करोड़ ९० लाख विज्ञापनों पर खर्च...!




**मुंबई :** राज्य में शिंदे-फडणवीस की सरकार आने के बाद विज्ञापन और प्रचार के लिए करोड़ों रुपए की फिजूलखर्ची शुरू है। पिछली खेप में विज्ञापन पर ४२ करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। अब प्रशासन अपनी योजना के तहत विज्ञापन पर समाचार पत्र, टीवी चैनल, रेडियो, सोशल मीडिया और आउटडोर के माध्यम से २ महीने में ५२ करोड़ ९० लाख रुपए की फिजूलखर्ची करेगी। यह खुलासा हुआ है।

शासन अपने प्लानिंग के अंतर्गत समाचार पत्रों पर लगभग १० करोड़ रुपए का विज्ञापन, मराठी टीवी चैनल पर ३.३० करोड़, एफएम चैनल पर एक करोड़ ८३ लाख, लोकल रेडियो ५० लाख, एसटी बस पर एक करोड़ १३ लाख ७५ हजार, रोड शो के लिए दो करोड़, निजी होर्डिंग्स पर दो करोड़, बेस्ट बस पर दो करोड़, हवाई अड्डों पर एक करोड़, स्टीकर्स पर डेढ़ करोड़, उसी प्रकार छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, पुणे स्टेशन पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाएंगे। यह भी सामने आया था कि मुख्यमंत्री के निवास स्थान वर्षा बंगले पर प्रत्येक वर्ष ३.५ करोड़ रुपए खान-पान पर खर्च किए जाएंगे। वर्षा पर चाय-पानी, मिशल, वड़ा, चिकन, मटन, बिरयानी, सूखा मेवा, ताजे फल, स्वीट डिश आदि उपलब्ध कराने के लिए सुख सागर हॉस्पिटैलिटी को १ वर्ष के लिए ३.५ करोड़ रुपए का ठेका दिया गया है। यह सरकार में आने के साथ ही पहले ७ महीनों में विज्ञापन पर ४२ करोड़ रुपए खर्च किए। इस संदर्भ में सूचना अधिकार के तहत जानकारी सामने आई है। उस दौरान साफतौर पर प्रतिदिन १९ लाख ७४ हजार रुपए सरकार ने

# वसई विरार मनपा अंतर्गत सड़क निर्माण के नाम पर हो रही है करोड़ों की लूट

## मनपा पहले सड़क निर्माण करवाती, फिर खुदाई की देती है अनुमति, जिससे सड़क हो रही खराब

**वसई :** वसई विरार शहर मनपा अंतर्गत सड़कों की मरम्मत कार्य के नाम पर लूट का खेल चल रहा है। मनपा पहले अपने ठेकेदारो के माध्यम से सड़क मरम्मत का कार्य करती है। बरसात को देखते हुए मनपा सड़क मरम्मत का कार्य तेजी से कर रही है। लेकिन बाद में उसी सड़क को फिर से खोदने की अनुमति देकर करोडों की लागत से बनी हुई सड़क को बर्बाद करने का काम कर रही है। मनपा सड़क खुदाई की अनुमति देकर जनता के पैसों की लूट का खेल खेल रही है. जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण नालासोपार पूर्व के टाकी रोड, ओस्तवाल नगरी व सेंट्रल पार्क , आचोले रोड मजीठिया पार्क आदि इलाके में देखने को



मिल रहा है। इन क्षेत्रो में मनपा एक महीने पहले सड़क मरम्मत का कार्य करवाया था। लेकिन अब उसी सड़क पर गुजरात गैस पाइप लाइन को बिछाने के लिए सड़क खुदाई की अनुमति दी है। सड़क खुदाई के चलते उस मार्ग पर भारी यातायात जाम हो रही है, साथ ही साथ नागरिकों के आने जाने में भी भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। एक महीना पहले में बनी सड़क फिर से खराब हो गई है। वही शिवसेना उद्धव गुट के वसई विरार जिला प्रमुख पंकज देशमुख ने भी मनपा म शिकायत करके जांच




कराने की मांग की है। इस मामले में समाज सेविका जया परमार ने मनपा अधिकारी के सड़क निर्माण और फिर से खोदने का परमिसन देने को लूट के नजरिए से देख रही हैं। वही स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि मनपा पहले सड़क बनाने में जनता के पैसों की बबार्दी करती है। उसके बाद उसी बनी सड़क को खोदने की अनुमति देकर उसे बर्बाद करती है।

# पांच लाख की बिजली चोरी के मामले में मुंब्रा से एक गिरफ्तार

**ठाणे :** - मुंब्रा-कौसा निवासी तनवीर चौगुले को मुंब्रा पुलिस ने बिजली चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है. उसे आज अदालत में पेश किया गया और एक जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।कौसा के डोंगरे नगर इलाके में रहने वाले तनवीर चौगुले ने



महावितरण के बाद से अपना बिजली बिल नहीं भरा था. अगस्त २०२१ में उनका बिजली बिल बकाया होने के कारण टोरेंट पावर कंपनी ने उनका बिजली का मीटर हटा दिया था. लेकिन इसके बाद भी वह बिजली चोरी करता रहा। बिजली का बिल नहीं चुकाने के कारण उनके घर की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई, लेकिन फिर भी उन्होंने कई बार चोरी-छिपे बिजली जोड़ दी. चौगुले के दो फ्लैटों का बिजली बिल २.९६ लाख था और जब कुल बिजली चोरी का आकलन किया गया तो यह ५.०१ लाख रुपये आया. बार-बार चेतावनी देने के बावजूद उसने बिजली चोरी नहीं छोड़ी। उसके खिलाफ विद्युत अधिनियम २००३ की धारा १३५ के तहत कार्रवाई की गई।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com